# संस्कृति फाउंडेशन का योग महोत्सव, प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन

■ अभियान के तहत लोगो ने अपनी माता के नाम पेड़ लगाकर धरती माता को समर्पित किया

**अजमेर, (कासं)।** कार्यक्रम में संत श्री उत्तम राम शास्त्री के सानिध्य एवं दक्षिण विधायक अनीता भदेल के मुख्य आतिथ्य में मैं पर्यावरण मित्र टीम ने कल्याणी पूरा गुलाब बाड़ी मोक्ष धाम में पंकज शर्मा और मनोहर सिंह के सहयोग से स्थानीय लोगो ने 25 छायादार वृक्ष के साथ बेलपत्र, जामुन ,आंवला, जंगल जलेबी, सीताफल, आदि फलों पौधों का रोपण किया, व प्रत्येक पौधे की सार संभाल की जिम्मेदारी का लेखराज दगदी, चेतन भाटी, अनिल सोनी ने विश्वास दिलाया।

फलों के वृक्ष लगाने का उद्देश्य मनुष्य के साथ-साथ जीव जंतुओं को भी भोजन प्राप्त हो। आज वन्य जीव जंतु जो भोजन और पानी की तलाश में शहरों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। इस कारण को देखते हुए वन्य क्षेत्र,दूरस्थ खाली मैदान, एकांत स्थानो पर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया। प्लांट फॉर मदर अभियान के तहत लोगो ने अपनी माता के नाम पेड़ लगाकर धरती माता को समर्पित किया अपने परिवार जनों की खुशहाली एवं स्मृति में भी लोगों ने वृक्ष लगाए। इस दौरान भूपेश टांक, अंजीत टांक, मनीष सतरावाला, अशोक महावर, आशु महावर, मुकेश सतरावला, हेमा सतरावला, वृक्ष प्रेमी उपस्थित रहे।



अनिता भदेल ने पर्यावरण मित्र टीम के साथ मिलकर पौधे लगाने का संकल्प लिया।

वहीं दूसरी संस्कृति फाउंडेशन द्वारा 21 जुन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ उपलक्ष्य पर शुरू हुआ था जिसका समापन आज अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, शिविर में योग महोत्सव, तीन दिवसीय योग, ध्यान, प्राकृतिक चिकित्सा शिविर कार्यक्रम देव वाटिका श्रृंगार चवरी अजमेर में रखा गया था योग स्वयंम एवं समाज के लिए, लोक कल्याण की, इस पंक्ति को चरितार्थ करते हुए, योग, आसन, प्राणायाम के अभ्यास हुए, जिसको उपस्थित जन मानस को, योग विशेषज्ञ नितेंद्र उपाध्याय (श्री राम योग सेंटर, मिरशाली, अजमेर ने करवाया। हार्टफूलनेस ध्यान का अभ्यास, प्रशिक्षक गिरीश गुप्ता ने करवाया और उन्होंने बताया कि ध्यान करने से संतुलित जीवन जिया जाता है और विवेक जागृत होता है, हार्टफुलनेस शिथिलीकरण का अभ्यास अंजली ने करवाया, इस मौके पर प्राकृतिक चिकित्सालय आदर्श नगर के, डॉ. सुभाष प्रजापति ने बताया, की प्रकृति की चीजों का उपयोग करके, किसी भी बीमारी का इलाज प्राकृतिक चिकित्सा की इस पद्धति से संभव है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने बताया की, व्यक्ति इन तीनों चीजों को अपना कर, पूरे जीवन भर शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। भदेल ने संस्कृति फाउंडेशन संस्था की तारीफ करते हुए कहा की, संस्था सामाजिक सरोकार के अपने दायित्व को समझते हुए, समाज सेवा का बहुत अच्छा कार्य कर रही है, इसके लिए संस्था के सभी पदाधिकारी व सदस्य कार्यकर्ता, बहुत ही ज्यादा बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर संस्कृति फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष राजकुमार सोनी, महासचिव विजय कुमार शर्मा मौजूद थे।

## माली समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 7 को

**अजमेर, (कासं)।** ज्योतिबा फुले सैनी मालियान एकता समिति अजमेर के तत्वावधान में आगामी 7 जुलाई को वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन की सफलता के लिए रविवार को संस्था पदाधिकारियों ने गणेशजी महाराज को निमंत्रण-पत्र भेंट कर आयोजन की सफलता के लिए प्रार्थना की। ज्योतिबा फुले सैनी मालियान एकता समिति के सुनील अलूदिया ने बताया कि माली समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन तोपदडा स्थित गढ़वाल पैलेस में 7 जुलाई को होगा। समग्र माली समाज के विवाह-योग्य युवक एवं युवतियों का पंजीकरण चल रहा है। आयोजन को भव्य रूप और इसकी सफलता के लिए आगरा गेट स्थित श्री गणेशजी महाराज मंदिर के पुजारी ने विधि-विधान से पूजा कर गणेश महाराज के समक्ष प्रार्थना की अर्जी लगाई।

प्रवक्ता प्रदीप कुमार कच्छावा ने बताया कि अजमेर के साथ ही राजस्थान के समस्त जिलों, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली से भी समाज बंधुओं का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। सम्मेलन में मंच पर आकर अपना परिचय देने वाली युवतियों को प्रोत्साहन स्वरूप विशेष उपहार दिया जाएगा।

## सार-समाचार

### अक्ष त्रिपाठी वियतनाम में सम्मानित



**अजमेर, (कासं)।** एक्सिस बैंक राजस्थान के सर्किल हेड अक्ष त्रिपाठी को वियतनाम में सम्मानित किया गया। अक्ष त्रिपाठी को यह सम्मान एक्सिस बैंक के पेंशन कंपनी के सीईओ द्वारा पेंशन फंड के योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने पर दिया गया है। इसके पूर्व में भी अक्ष त्रिपाठी को कई बार सम्मानित किया जा चुका है। मालूम हो कि अक्ष त्रिपाठी अजमेर के पूर्व जनसंपर्क निदेशक प्यारे मोहन त्रिपाठी के पुत्र हैं।

### आकस्मिक निरीक्षण किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अध्यक्ष, राज्य समुचित प्राधिकारी (पीसीपीएनडीटी) एवं मिशन निदेशक (एनएचएम) राज. जयपुर के निर्देशानुसार विशेष निरीक्षण अभियान के तहत पीसीनीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने 08 सोनोग्राफी सेन्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने सेवा सदन रोड स्थित डॉ. निधि इमेजिंग एण्ड डायग्नोस्टिक सेन्टर, सरकारी हॉस्पीटल के सामने आनन्दा डायग्नोस्टिक, शास्त्री नगर स्थित श्रीमति केसर बाई सोनी हॉस्पीटल, तिलक नगर स्थित श्री सिद्धी विनायक हॉस्पीटल, सीताराम जी की बावडी के पास स्थित भारद्वाज अल्ट्रासाउण्ड एण्ड इमेजिंग सेन्टर एवं रामस्नेही चिकित्सालय स्थित 03 सोनोग्राफी सेन्टरो का निरीक्षण कर पीसीपीएनडीटी अधिनियम की सख्ती से पालना करने के लिए पाबन्द किया। निरीक्षण के दौरान सोनोग्राफी मशीन पर स्थापित एक्ट्रीव ट्रैकर एवं जी.पी.एस. का निरीक्षण किया गया संस्थान के सोनोग्राफी रजिस्टर व फार्म-एफ की जांच की गई एवं भ्रूण लिंग परीक्षण रोकथाम के लिए टोल फ्री नं. 104 व 108 एवं व्हाट्सएप नं. 9799997795 के प्रचार-प्रसार के बोर्ड का प्रदर्शन पाया गया। सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी ने बताया कि मुखबिर योजना के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना सत्य पाये जाने पर तीन लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। उन्होंने सभी आमजन, गैर सरकारी संगठनों से अपील की है कि भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना देकर राज्य सरकार की मुखबीर योजना का लाभ उठायें।

### परिंडो का वितरण किया

**ब्यावर, (निसं)।** श्रीमद भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्य श्रृंखला में भीषण गर्मी में बेज़ुबान व निरीह पक्षियों के दाना - पानी की व्यवस्था हेतु भारत माता सर्किल पर कैंप लगा गया। प्रभात फेरी सदस्यों व आने जाने वाले राहगीरों को परिंडो का वितरण किया गया और उनसे ये सुनिश्चित भी किया गया की इनमें रोज़ाना दाना पानी की व्यवस्था की जायेगी। । परिवार द्वारा लगाये गये कैंप में बड़ी संख्या में शहर वासियों ने परिण्डे प्राप्त किए ।कैंप में भागवत परिवार के सदस्यों ने अपनी सेवाएँ दी, कैंप के पश्चात परिवार के सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 21 परिण्डे भी लगाये गये ।

### आमसभा 7 जुलाई को

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शास्त्री नगर विस्तार विकास समिति कार्यकारणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 7 जुलाई को समिति की साधारण सभा का आयोजन पार्क नंबर 3, भक्त प्रह्लाद उद्यान में किया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि आम सभा सुरेन्द्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में होगी, सभा में सभी समिति के सदस्यों की उपस्थिति वांछनीय है। समिति सचिव बीएल बामनिया ने बताया कि मीटिंग में विभिन्न मुद्दों को रखा जाएगा। समिति द्वारा छपवाई गई स्मारिका का वितरण 24 जून से से किया जाएगा।

### परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर प्रदर्शन

**पुष्कर, (निसं)।** कांग्रेस पार्टी के आव्हान पर नीट परीक्षा में हुए महाघोटाले को लेकर, लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ एनएसयूआई पुष्कर, अध्यक्ष मधुसूदन पाराशर के नेतृत्व में रविवार को शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया व शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान समर तेजी दिनेश गुज़र पंकज पाराशर रेहान खान ओम गुजर आदित्य घारू लोकेश चौहान मोनू पारसोया एनएसयूआई कार्यकर्ता साथ थे मौजूद थे।

### विभागीय समन्वय बैठक सोमवार को

**अजमेर, (कासं)।** जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में सोमवार सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट समिति कक्ष में साप्ताहिक समन्वय बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी ने दी।

### राशि हस्तान्तरण कार्यक्रम स्थगित

**अजमेर, (कासं)।** जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि के हस्तान्तरण का सोमवार को 11 बजे जवाहर रंगमंच में आयोजित होने वाला कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

# भैरव धाम पर योग शिविर एवं मेले का आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** राजगढ़ स्थित मसानिया भैरव धाम पर रविवार को तीन दिवसीय योग शिविर का रविवारीय मेले में आए हुए देश प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं के साथ धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज के सान्निध्य व महेश शर्मा सम्भागीय आयुक्त अजमेर के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ।


धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि समापन समारोह श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ चैरीटैबल ट्रस्ट और फ्रैंड्स ऑफ हैप्पीनैस फाउण्डेशन दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान आयोजित हुआ। इस अवसर पर फाउण्डेशन के मुख्य निदेशक विपिन कुंज, निदेशक रोहित प्रजापति व पंकज रस्तोगी, योगाचार्य जसबीर जसवाल व सदस्य अंकित प्रजापति व अंकुर महेश्वरी के नेतृत्व में रविवारीय मेले में आए हुए सभी श्रद्धालुओं व भैरव भक्त मण्डल के सदस्यों ने शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग कराया गया। राजगढ़ धाम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तीन दिवसीय शिविर के समापन समारोह चम्पालाल महाराज ने कहा कि योग प्रकृति का वरदान, जिसने अपनाया वो महान। नियमित योग करने का संदेश दिया। वहीं मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त महेश शर्मा ने कहा कि आमजन को योग की महत्वता को समझते हु, प्रतिदिन योग करना चाहिए। प्रवक्ता सेन ने बताया कि धाम पर व्यवस्थापक ओमप्रकाश सेन, रमेश सेन, अविनाश सेन, राहुल सेन, ताराचन्द सेन, कैलाश सेन, विष्णु सेन, ओम प्रकाश सेन आदि मौजूद थे।

## बुरड़ होंगे राज्य स्तर पर सम्मानित

**ब्यावर, (निसं)।** राजस्थान सरकार द्वारा आपातकाल में बन्दी रहे लोकतन्त्र सेनानियो का राज्य स्तर पर दिनांक 25 जून 2024 को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय पर सम्मानित करने हेतु आमन्त्रित किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यालय द्वारा सुधीर कुमार शर्मा, आईएएस, शासन सचिव द्वारा ब्यावर निवासी दौलतराज बुरड को जारी किये गये पत्र में उक्त दिनांक को आयोजित सम्मान समारोह में सम्मान ग्रहण करने हेतु एवं रात्रि भोज माननीय मुख्यमंत्री के साथ किये जाने हेतु आमन्त्रित किया गया है। दौलतराज बुरड ने बताया कि इस आशय का निमन्त्रण संगठन द्वारा अलग से राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत का भी प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित कर बुरड को चयनित किया है।

# सांसद महिमा कुमारी का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड का स्थानीय कार्यकर्ताओ ने रविवार को डांगावास बाईपास स्थित सिद्धार्थ मोटर्स पर माला एवं पुष्प से अभिनंदन किया गया। सांसद मेवाड़ का प्रथम बार मेड़ता पधारने पर हरसोलाव के पूर्व सरपंच सुरेश गुर्जर के नेतृत्व में सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गय। इस मोके पर राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने बालिका सशक्तिकरण की बात कही और कहा कि जल्द ही एक प्लान तैयार कर बालिका शिक्षा ओर बालिका सशक्तिकरण की दिशा में कार्य किया जाएगा इस अवसर पर नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, पूर्व विधायक सुखराम नेतड़िया, का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज सोनी ने सांसद महिमा कुमारी के साथ बाल संरक्षण जागरूकता को लेकर चर्चा की इस दौरान रिया बड़ी प्रधान मदनलाल गोरा, सरपंच प्रतिनिधि सुशील लटियाल, मंगलाराम डिडेल, शोभाराम कंमेडिया, ओसियां विधानसभा प्रभारी कैलाश जांगिड़, मेड़ता रोड सरपंच प्रतिनिधि डॉक्टर मेघराज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सांसद महिमा कुमारी का कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया।

## नगर परिषद चुनाव को लेकर चर्चा

**ब्यावर, (निसं)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रचारक एवं राष्ट्रीय कवि शहनाज हिंदुस्तानी आज अजमेर पहुंचे जहां ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में दुआएं मांगी। संवाददाताओं से बात करते हुए हिंदुस्तानी ने कहां की दिल्ली के लोगों के हक का पानी हरियाणा सरकार से मुहैय्या कराने के लिए 21 जून शुक्रवार से दिल्ली की जल मंत्री आतिशी सिंह अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी है व अरविंद केजरीवाल की जल्द से जल्द जमानत हेतु ख्वाजा की चौखट पर दुआ मांगी। शहनाज हिन्दुस्तानी कार्यकर्ताओं से संवाद करने ब्यावर पहुंचे जहां कार्यकताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया व पार्टी संगठन की मीटिंग ली। विशेष रूप से नवम्बर माह में होने वाले नगर परिषद चुनाव पर गहन चर्चा की गई। राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद झाड़ू चुनाव चिन्ह पर पार्टी सभी 60 वार्डों में चुनाव लडने की बात कही। इस मौके पर पार्टी के राधावल्लभ माहेश्वरी, मंजीतसिंह हुडा, ब्लॉक अध्यक्ष खींयाराम सिंगारिया आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में ग्रामीणों ने दर्ज कराई आपत्ति

**अजमेर, (कासं)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुरा डाबला व पिचोलिया के ग्रामीणों ने पंचायतों की सरहद पर स्थित गैर मुमकिन पहाड़ी को खनन विभाग के द्वारा लीज पर दिए जाने को लेकर पिचोलिया स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र में अतिरिक्त जिला कलैक्टर,अजमेर के सानिध्य में आहूत जनसुनवाई में ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध करते हुए लीज के पक्ष में पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नही करने को लेकर लिखित अनापत्ति दर्ज कराई।

रामपुरा डाबला सरपंच सीमा चौधरी व पिचोलिया सरपंच प्रतिनिधि भोमसिंह राठौड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रामपुरा डाबला एवं पिचोलिया में मैसनरी स्टोन खनिज क्लस्टर सख्या 26 के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर लोकेश कुमार गौतम के सानिध्य आहूत हुई जनसुनवाई में शिरकत करते हुए लीज व पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का पुरजोर विरोध करते हुए लिखित में आपत्तियां दर्ज कराई। ग्रामीणों ने रामपुरा डाबला सरपंच सीमा चौधरी व पिचोलिया सरपंच प्रतिनिधि भोमसिंह राठौड़ के नेतृत्व में आपत्तियां दर्ज करवाते हुए जनसुनवाई प्रभारी लोकेश कुमार गौतम को अवगत करवाया की जब जनसुनवाई आज हो रही हैं तो 13 जुलाई 2021 को खनन विभाग के क्षेत्रीय कार्यदेशक शिवोन ब्रिटो व आवंटी कजोड़ मल जाट विधि विरुद्ध किस हैसियत से लीज पर आये ओर विधि विरुद्ध खनन कार्य शुरू करने पर आमादा होते हुए क्षेत्रीय शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कहा कि जहां एक और विश्व समुदाय अलनीनो जैसी प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए प्रयासरत है। वही यह पहाड़ी अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है और अरावली पर्वतमाला में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की खुली अवहेलना कर चिनाई पत्थर की खनन लीज दिए जाने से ग्राम पंचायत व क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन प्रभावित होंगा।

## 71 संगत का जत्था जयपुर समागम में शामिल

**मसूदा, (निसं)।** सिख समाज एवं अमृतवेला ट्रस्ट गुलाबपुरा के संयुक्त तत्वाधान में भाई साहब गुरप्रीत सिंह जी रिंकू वीर जी मुंबई वालों का दिनांक 23 जून 2024 जयपुर में संगत दर्शन और महान कीर्तन समागम के प्रोग्राम में 71 संगत का जत्था जयपुर समागम में शामिल हुआ। समागम मे शामिल हुई संगत मे पूर्व पार्षद गुरुभेज सिंह टुटेजा, नवनीत सिंह टुटेजा, तन्मय सिंह टुटेजा, नवप्रीत कौर टुटेजा, एडवोकेट गुरप्रीत कौर टुटेजा, राम सिंह अमृतवेला ट्रस्ट के मेंबर नंदलाल तीरथवानी, राजन सिंह टुटेजा, गायत्री तीर्थवानी, दिव्या जमतानी, लक्ष्मी जमतानी, दीपिका जमतानी, ममता, मन्नत छतवानी, विनिता छतवानी, जिया मुलवानी, सीता मुलवानी, मीना मैग्रनी, जमना लाल मैठानी, सपना मैठानी, कमला गवलानी, विमला मैठानी बंटी छतवानी, प्यारी किशनानी, मोनिका गवलानी, राधा छतवानी, सिया छतवानी, कोमल पेसवानी आदि मौजूद रहे।

# टाटा पावर डिस्ट्रीब्यूशन प्रति जताया रोष

■ शहर की विद्युत आपूर्ति के उचित प्रबंध की मांग

**अजमेर, (कासं)।** श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में रविवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उर्जा मंत्री को पत्र प्रेषित कर अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन कार्यरत टाटा पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड द्वारा शहर में की जा रही विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं होने को लेकर रोष जताया और विद्युत आपूर्ति के उचित प्रबंधन की मांग की। महासंघ के बंसल व लालवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि 21 जून को आधे शहर की विद्युत आपूर्ति छह घंटे तक बन्द रहने से मानव जीवन अस्त व्यस्त हो गया और गर्मी, अंधेरे और कार्य नहीं करपाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। टाटा पावर अजमेर विद्युत वितरण के हजारी बाग विद्युत के खंड प्रथम के चन्द्रवरदाई नगर हरि ओम कॉलोनी विस्तृत क्षेत्र की बिना सूचना के विद्युत कटौती और मेन्टेनेन्स के नाम पर घंटो तक कटौती की शिकायतों के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टाटा पावर के अधिकारियों को पूर्व में ही अनेक बार बताया कि वर्क फ्रॉम होम में विद्युत उपकरणो की विद्युत आपूर्ति अचानक बन्द हो जाने से उनकी क्षति हो जाती है और कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। समाजसेवी लत्ता भैरूमल बच्चानी ने बताया कि हरि ओम कॉलोनी में प्रतिदिन विद्युत आपूर्ति बांधित होने, लाईटें बन्द होने से दुर्घटनाएं, चोरियां होना, आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

महासंघ के कालीचरणदास खण्डेलवाल, रमेश लालवानी, महेन्द्र बंसल, रणवीर सैनी, किशोर टेकवानी, गंज के मानमल गोयल, दरगाह बाजार के अध्यक्ष होतचन्द सीरनानी, हरीश अगनानी आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का क्षेत्रवासियों ने उठाया लाभ

## अरिहंत संस्था और हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित हुआ शिविर

**अजमेर, (कासं)।** श्री अरिहंत मानव सेवार्थ संस्था और जैन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। अहमदाबाद के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. प्रांजल पिपारा और अजमेर के जैन मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के डॉ. विजय जैन (डेंटिस्ट), फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर प्रियांक और डॉक्टर दीप्ति की नि:शुल्क सेवा का लाभ अजमेर वासियो ने लिया।

शिविर में सभी तरह के ऑर्थोपेडिक से संबंधित जैसे घुटने का रिप्लेसमेन्ट, जोड़ों का दर्द, कंधे का दर्द, दंत चिकित्सा से संबंधित किसी भी तरह का परामर्श, एवं फिजियोथेरेपिस्ट से संबंधित नि:शुल्क परामर्श दिया गया। डॉक्टर प्रांजल पिपारा, अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध वरदान अस्पताल में अपनी सेवायें दे रहे हैं और नियमित रूप से अपनी सेवार्थ शिविर मे भी अपनी सेवायें देते रहते हैं। अजमेर जैन मल्टीसेशियालिटी हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर विजय जैन भी स्पेशलिस्ट दंत चिकित्सक हैं और नियमित रूप से चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत है। इसी हॉस्पिटल में स्पेशलिस्ट फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर प्रियांक और डॉक्टर दीप्ति की सेवाएं भी नियमित रूम से उपलब्ध हैं।



चिकित्सकों ने नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की।

शिविर में अजमेर के बहुत से लोगों ने सेवा का लाभ लिया। श्री अरिहंत मानव सेवार्थ संस्था के संयोजक अरुण पोखरना और अशोक चौधरी ने बताया कि यह संस्था लगभग 3.5 साल से विभिन्न चिकित्सकीय उपकरण सेवार्थ उपलब्ध करवाने के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही है। अजमेर और आस-पास के क्षेत्र जैसे नसीराबाद, भिनाय, बांदनवाड़ा, पुष्कर, थांवला, मेड़ता आदि क्षेत्रवासी भी इस संस्था की सेवा का लाभ निर्धारित रूप से लेते रहे हैं।

संस्था में सर्जिकल बेड, व्हीलचेयर, वॉकर, नेबुलाइजर, ऑक्सीजन सिलेंड्रर, बाई पेप मशीन, बी पी मशीन, ड्रिप स्टैंड, एयर बेड, सक्शन मशीन, ऑक्सीजन कन्सेनट्रेटर आदि मानव सेवार्थ उपलब्ध करवाती है।

## राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 27 से

**अजमेर, (कासं)।** 9वीं अजमेर जिला राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 जून से साकेत नगर चंद्र वरदाई नगर स्थित करणी स्पोर्ट्स शूंटिंग रेंज पर आयोजित किया जाएगा। इसमें छात्र-छात्रा, पुरुष एवं महिला वर्ग के 6 वर्गों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव हिम्मत सिंह राठौड़ ने बताया कि 27 से 29 जून तक अंतरराष्ट्रीय मानक अनुरूप करणी स्पोर्ट्स शूंटिंग रेंज पर अलग अलग आयु वर्ग के लिए मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इनमें यूथ वर्ग 18 वर्ष से नीचे, जूनियर वर्ग 21 वर्ष से नीचे 5 जुलाई तक, सीनियर वर्ग कोई आयु सीमा नहीं, पेरा वर्ग हैंडिकैप्ड सभी वर्ग, लिटिल चैंप 12 वर्ष से नीचे 5 जुलाई तक तथा डेफ सीनियर वर्ग शामिल है।

राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 26 जून तक करणी राइफल शूटिंग रेंज पर अपना पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। इसके लिए आयु प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज दो फोटो जमा करने होंगे। जिला राइफल शूटिंग संगठन के अध्यक्ष शशांक कोरानी ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत क्वालीफाई अंक अर्जित करने वाले सभी शूटर्स को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता जुलाई माह में जयपुर में आयोजित की जाएगी।

# अजमेर में आयकर विभाग ने टैक्सपेयर हब का आयोजन किया



टैक्सफेयर हब का उद्घाटन करते हुए अभिनेता व हास्य कवि शैलेश लोढा।

**अजमेर, (कासं)।** आयकर दाताओं के लिए आयकर से जुड़े नवाचारों, आयकर की समझ एवं आयकर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आयकर विभाग अजमेर द्वारा 23 से 25 जून तक टैक्सपेयर हब का आयोजन आजाद पार्क में किया जा रहा है। सी. बी. डी. टी. की आई आर एस अर्चना सिंह व तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम अभिनेता हास्य कवि एवं लेखक शैलेश लोढ़ा आयकर विभाग के टैक्सपेयर हब के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अजमेर के आजाद पार्क में आयोजित टैक्स पेयर हक का अभिनेता शैलेश लोढ़ा ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस दौरान प्रधान आयकर आयुक्त आर सी मीना सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। युवा पीढ़ी के साथ जुड़ने के महत्व को पहचानते हुए टैक्सपेयर्स हब में एक जीवंत चिल्ड्रन कॉर्नर की सुविधा है जो बच्चों के लिए वर्चुअल रियलिटी गेम्स, प्रश्नोत्तरी, नुक्कड़ नाटक एवं मैजिक शो भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ। यह इंटरैक्टिव स्थान बच्चों को मजेदार और आकर्षक तरीके से कराधान और वित्तीय जिम्मेदारी की बुनियादी बातों के बारे में शिक्षित करने के लिए समर्पित है। इस प्रकार की गतिविधियां कम उम्र में वित्तीय साक्षरता की नींव रखने में मददगार होती है।

प्रधान आयकर आयुक्त आर.सी. मीना ने बताया कि टैक्सपेयर हब के तीन दिवसीय कार्यक्रय के अन्तर्गत रविवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान आयकर महानिदेशक (प्रशासन एवं टीपीएस) सीबीडीटी की आईआरएस अर्चना सिंह एवं तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम अभिनेता हास्य कवि, मंच संचालक एवं लेखक शैलेश लोढ़ा विशिष्ट अतिथि रहे ।कार्यक्रम में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त राजस्थान आईआरएस राज टण्डन भी उपस्थित रहें।

## पुण्य तिथि मनाई

**पुष्कर, (निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा पालिका अध्यक्ष कमल पाठक, मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी व पालिका उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि के सानिध्य में पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉक्टर श्री श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी की 71वीं पुण्यतिथि जैन मंदिर ब्रह्म चौक बड़ी बस्ती पुष्कर पर बनाई गई। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश पाराशर ने संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से डॉ. श्यामा प्रसाद जी के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आ ान किया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका पुष्कर के अध्यक्ष कमल पाठक, उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि, भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश पाराशर, मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी, मंडल महामंत्री अरुण वैष्णव, रोहन बाकोलिया, संदीप पाराशर, मंडल उपाध्यक्ष अशोक पाराशर, कमल पाराशर(जैकसा), मण्डल मंत्री अंशुमान पाराशर, धर्म प्रकाश रावल, गोविंद शर्मा, मण्डल के कोषाध्यक्ष व पार्षद कमल रामावत, शक्ति केंद्र संयोजक लखन सरवाडिया, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद लक्ष्मी देवी पाराशर, नगर पालिका पुष्कर के पार्षद व पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश कुमावत, पूर्व पार्षद व पूर्व मंडल महामंत्री महेश पाराशर, पार्षद धीरज जादम, धर्मेन्द्र नागौरा, शम्भू चौहान, महेन्द्र सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जानलेवा हमले के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी ने गत दिनों मजदूर नेता पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था

**भीलवाड़ा, (निसं)।** वर्चस्व को लेकर रीको एरिया में चल रहे दो गुटों के विवाद और जानलेवा हमले के मामले से जुड़े एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित ने गत दिनों मजदूर नेता पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

प्रताप नगर थाना पुलिस ने बताया कि 11 जून को बंशीलाल माली ने रिपोर्ट पेश की, जिसमें उन्होंने बताया कि वह और मजदूर नेता पन्नालाल जाट, देवीलाल गाडरी व भावरलाल विश्नोई रीको फोर्थ फेज माधव चौराहे पर चाय की होटल के सामने प्याऊ पर बैठे हुए थे। इस दौरान एक स्कॉर्पियो गाड़ी पास में आई और चालक ने उन पर दो राउंड फायर किए। जानलेवा हमले के इस मामले के पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के आधार पर पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोपी रामेश्वर लाल पिता स्व चांदू भील निवासी कलुंदिया को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर डीएसटी और साइबर सेल की सयुक्त



जानलेवा हमले के मामले से जुड़े एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

टीमों का गठन किया गया था।

इन टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस टीम में साबिर मोहम्मद सउनि, आशीष मिश्रा सउनि साइबर सेल, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल करण सिंह, स्पेशल टीम से धीरज शर्मा के साथ ही कुल 14 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। पुलिस टीम ने जानलेवा हमले में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार भी बरामद की है।

## राष्ट के प्रति समर्पण के लिए मिला सम्मान

**बोरावड, (नीसं)।** प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में आयोजित चतुर्थ अटल राष्ट्रीय अटल अवार्ड अर्पण समारोह के दौरान मकराना-बोरावड़ के मूल निवासी व दिल्ली के प्रवासी मार्बल उद्योगपति समाजसेवी अनिल भक्कड़ को अटल पुरस्कार से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें उनके समाजसेवा, रोजगार एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

भक्कड़ ने समारोह के दौरान अपनी धर्मपत्नी श्रीकान्ता भक्कड़ तथा सुपुत्र राम भक्कड़ के साथ इस सम्मान को प्राप्त किया। अटल फाउण्डेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्पणा सिंह ने बताया अटल पुरस्कार की स्थापना का उद्देश्य उन व्यक्तियों और संगठनों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। यह पुरस्कार शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक सेवा, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित करता है। बोरावड़-मकराना निवासी अनिल भक्कड़ के भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में स्थापित अटल अवार्ड से सम्मानित होने पर बधाई प्रेषित की है।

## सार-समाचार

### ‘संस्कारों की प्रथम पाठशाला परिवार’

**ब्यावर, (निसं)।** संस्कारों की प्रथम पाठशाला परिवार है परिवार संस्कारित होंगे तो बच्चों में स्वतः ही संस्कार होंगे. हमें प्रयास करना होगा कि परिवार में मातृभाषा का प्रयोग करते हुए अपनी संतानों को संस्कारित करें।उक्त विचार सिन्धी सेन्ट्रल समाज ब्यावर व भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वाधान में 6 दिवसीय बाल संस्कार शिविर के समापन समारोह पर समाज संरक्षक हरिकिशन तिलोकानी ने व्यक्त किये। सिंधी बाल संस्कार शिविर समापन समारोह में समाज के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण दास गुरनानी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वही समाज प्रगति कर सकता है जो संस्कारित,मेहनती व लग्नशील हो। पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण के चलते चहुं और संस्कारों की कमी महसूस की जा रही है जिसे हम स्वयं सजग होकर अपने बच्चों को संस्कार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।कार्यक्रम के शुभारंभ में इष्ट देव पूज्य श्री झूलेलाल साहिब, विधा देवी सरस्वती माता ,भारत माता, सिन्ध के नक्शे व सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज जी की छवि पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।स्वागत संबोधन भारतीय सिंधु सभा के नगर अध्यक्ष हरगुन लालवानी ने दिया शिविर रिपोर्ट शिविर संयोजक कमल सुंदर चचलानी ने दी कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां में सरस्वती वंदना, झूलेलाल भगवान की आरती, प्रतिज्ञा , दिन, महीने अपनी पहचान , शरीर के अंग के बारे में जानकारी तथा लाठी चलाना व नियुद्ध का प्रदर्शन किया गया। 6 दिवसीय आयोजित शिविर के शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह दिए गए। शिविर में संयोजक कमल सुन्दर चचलानी व सेवाएं देने वाले विजय डेटानी (योगा),भावना खुबानी (सिंधी किताब) रेशमा पुरुस्वानी (सिंधी गीत भजन) कशिश चंदनानी व वर्षा दुलानी( लाठी चलाना), किशन लालवानी वासु गुरनानी अंजलि करमचंद वर्षा चांदनी वह हर्षा उत्तमचंदानी को समृद्धि चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में हरीश मलकानी, लक्ष्मण दास हरवानी, दयाल टिलवानी, चंद्र प्रकाश केसवानी , सुनील आसवानी जय आसवानी, दिनेश हरचंदानी दीपक हरचंदानी रमेश सावलानी, दीपक हरचंदानी, महेश पारवानी,, गंगाराम हरचंदानी बच्चों के माता-पिता व अनेक समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भावना खुबानी व विजय डेटानी ने संयुक्त रूप से किया।

### भामाशाहों का जताया आभार

**अजमेर, (कासं)।** जवाहर लाल नेहरू अस्पताल को भामाशाह के सहयोग के चलते 9 लाख रुपए के चिकित्सा उपकरण और अन्य आवश्यक सामान प्राप्त हुआ है। इस योगदान से अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं में सुधार होगा जिससे मरीजों को बेहतर और त्वरित सेवा मिल सकेगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे ने बताया कि भामाशाह जिन्होंने हमेशा से समाज के कल्याण के लिए अपना योगदान दिया है। उन्होंने अस्पताल के लिए आवश्यक उपकरणों की पूर्ति की है। इस योगदान में व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, फ्रीज सहित अन्य चिकित्सा सामग्री शामिल हैं। डॉ.खरे ने बताया कि भामाशाह के इस महत्वपूर्ण योगदान से अस्पताल की चिकित्सा सुविधाएं और भी सुदृढ़ होंगी। इससे न केवल हमारे स्टाफ को काम करने में सुविधा होगी, बल्कि मरीजों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। जेएलएन अस्पताल प्रशासन ने भामाशाह के इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

### स्काउट कौशल विकास शिविर संपन्न

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय भीलवाड़ा के तत्वावधान में चल रहे स्काउट गाइड कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमंडी भीलवाड़ा में रविवार को समापन हुआ।शिविर संचालक आयुष सैनी ने बताया कि शिविर पिछले डेढ़ महीने से चल रहा था जिसमें विभिन्न दिवस, जयंती पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया तथा सभी संभागियों को प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में संभागियों को दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा सिलाई, मेहंदी, ब्यूटी पार्लर, नृत्य, (राजस्थानी, वेस्टर्न और हिप हॉप) आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मोहिता लड्ढा, रामकन्या जीनगर, उषा मेहता, आशा धाकड़, अरुण कुमार आदि उपस्थित रहें।

### मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

**शाहपुरा, (निसं)।** जनता पार्टी नगर मंडल शाहपुरा द्वारा उम्मेद सागर चौराया पर नगर अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा के नेतृत्व में जन संघ के संस्थापक और राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई गई। पूर्व चेयरमैन कन्हैयालाल धाकड़ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जीवनी के बारे में बताया तथा उनके द्वारा किए गए अमूल्य कार्यों को अपनाते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण करें। इस दौरान नगर महामंत्री महावीर सैनी,सीताराम बेरवा, जितेंद्र पाराशर, नगर उपाध्यक्ष लादूराम खटीक, विट्ठल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अविनाश जीनगर, पंकज सुगंधी, पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश मारू, चंद्र प्रकाश चौधरी, विमल झंवर, पूर्व पार्षद रामप्रसाद पारीक, पूर्व उप प्रधान बजरंग सिंह राणावत, पूर्व पार्षद दीपक पारीक, पवन सुखवाल, राजाराम पोरवाल, चेतन वैष्णव,केशव सिंह, खुशीराम आचार्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**मसूदा, (निसं)।** प्रदेश व जिला अध्यक्ष में निर्देशानुसार मसूदा भाजपा मंडल द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि मसूदा स्थित अखाड़े वाले बालाजी मंदिर परिसर में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन।कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह राठौड़, मण्डल महामंत्री मनोज कुमार जेथलिया, एस.सी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष जसराज पवार, एस सी मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष राजेश खेरालिया, बूथ अध्यक्ष जितेंद्र माली, गोपाल प्रजापत, कमलेश चौधरी, पवन छिपा व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लापता युवक की कुएं में लाश मिली

- **लापरवाही के आरोप में थाना अधिकारी एवं हेड कांस्टेबल लाइन हाजिर**

**बिजयनगर, (निसं)।** बिजयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुरा निवासी दिलखुश गुजर के लापता होने के पाँच दिन बाद शनिवार को युवक का शव कुए में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्राम बहादुरपुरा से करीब पांच दिन पूर्व लापता हुये युवक को लेकर परिजनों ने बिजयनगर पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गयी थी। शनिवार को ग्राम जयसिंहपुरा के पास एक कुएं में शव होने की जानकारी मिलने पर परिजन सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की लापता युवक का शनिवार को ग्राम जयसिंहपुरा के पास एक कुएं में शव होने की जानकारी मिली कुएं के पास लापता दिलखुश गुजंर के जूते दिखाई देने से परिजनों ने कुएं में दिलकुश गुर्जर का शव होने की आशंका जताई। सूचना मिलने पर पर विजयनगर पूलिस मौके पर पहुंची इस दौरान मौके पर आसपास केग्रामीण क्षेत्र की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। शनिवार देर शाम एफएसएल टीम मौके पर पहुंची एवं आसपास का मौका मुआयना किया लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते मृतक के शव को कुएं से बाहर नहीं निकाला जा सका।मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़ मसूदा सीओ सज्जन सिंह विजयनगर सहित आसपास के क्षेत्र का पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। साथ ही मौके पर पुलिस अधिकारियों ग्रामीणों से समझाइश की। समझाइश के दौरान वार्ता मे कैलाश गुर्जर ओबीसी मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज गुर्जर पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाबपुरा गुलाब गुर्जर देवीलाल भारू दयाल पप्पू किशन गुर्जर प्रीतम जाट सहितगुर्जर समाज एवं अन्य समाज के लोग शामिल हुए। शनिवार देर शाम एफएसएल टीम मौके पर पहुंची एवं आसपास का मौका मुआयना किया लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते मौके पर शव को कुएं से बाहर नहीं निकाला जा सका।

**यह हैं मामला:-** ग्राम बहादूरपुरा निवासी दिलखुश गुर्जर पुत्र गिरधारी लाल गुर्जर6 दिन पूर्वघर से बाहर जाने के बाद वापस घर पर नहीं लोटा तथा दिलखुश गुर्जर का अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण करने को लेकर छह दिन पूर्व परिजनों ने विजयनगर पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। ग्रामीणों की विरोध थानाधिकारी करणसिंह व हेड कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर किया, पीड़ित के परिजनों को उचित मुआवजा व मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। पुलिस ने मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सोप दिया।

## कलक्टर ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने रविवार को ग्राम पंचायत पांसल में नरेगा कार्यों का औचक निरीक्षण किया और कार्य स्थल पर छाया, पानी एवं मेडिकल किट के बारे में जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित मेट एवं जेटीए को गुणवत्ता पूर्वक एवं उपयोगी कार्य करने के निर्देश दिये।

उन्होंने श्रमिकों से भी प्रतिदिन के टास्क, कार्य का समय तथा औसत मजदूरी एवं गत पखवाड़ों के भुगतान प्राप्ति के बारे मे जानकारी प्राप्त की तथा कार्यस्थल पर छाया, पानी एवं प्राथमिक उपचार की दवाओं के किट की उपलब्धता जांची। मेट द्वारा श्रमिक दर कम आने के बारे में बताने पर जिला कलक्टर ने श्रमिको से पूरा काम करवाकर पूरी दर देने हेतु निर्देशित किया। कार्यस्थल पर छाया की व्यवस्था करने एवं मेडिकल किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत शुरू

**अजमेर, (कासं)।** श्री हनुमत कृपा सेवा समिति के तत्वाधान में आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा अमृत वर्षा का शुभारंभ रविवार को सियाराम नगर रानी के बाग बालाजी सर्वेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण भगवतपुराण के विधि विधान से पूजन तथा लड्डु गोपाल के अभिषेक के पश्चात कलश शोभायात्रा गाजे बाजे सहित प्रारंभ हुई।

श्रीराम सेवा समिति के मीडिया प्रभारी रमेश लालवानी और राजेश लालवानी ने बताया कि आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 जून से 30 जून तक होगा। रविवार को शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व आयोजक परिवर के सदस्य ब्रजमोहन, भूपेंद्र सिंह, मयंक प्रजापति, गजेंद्र सिंह चौहान, प्रवीण वाधवानी, बाबूलाल राव,राजेश विजयवर्गी, अनिल दिक्षित,हरीश कुमार सभी ने विधि विधान भगवान महादेव का पूजना की। कलश यात्रा में सभी महिलाओं ने लालरंग की चुनरी साड़ी पहनी हुई थी। 151 महिलाएं सिर पर कलश यात्रा धारण कर चल रही थी।

कलश यात्रा सियाराम नगर रानी के बाग बालाजी सर्वेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से बैंड बाजे शुरू हुई जो विभिन्न से होते हुए कथा स्थल बालाजी फार्म हाउस सांई बाबा मंदिर के पास पहुंच कर संपन्न हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भक्तों ने स्वागत किया। आचार्य पंडित शुभम शर्मा, वेदाचार्य कृष्ण कुमार शास्त्री ने देव पूजन करवाया। कथा का वाचन कथा व्यास पंडित दिनेश गुरू करेंगे। लालवानी ने बताया कि आठ दिवसीय कथा 23 से 30 जून तक दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक प्रतिदिन आयोजन होगा।

## प्रतिनिधियों ने प्रदेश अधिवेशन धौलपुर में लिया भाग

**शाहपुरा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रदेश महासमिति अधिवेशन धौलपुर में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन निर्विरोध किया गया। जिसमें प्रदेशअध्यक्ष रमेश जी पुष्करणा, प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा निर्वाचित हुए। शाहपुरा जिले से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयकांत पत्रिया निर्वाचित हुए, शाहपुरा जिला अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि शाहपुरा जिले से जिला मंत्री संजीव कुमार शर्मा,प्रदेश प्रतिनिधि अमर सिंह चौहान, चंद्र प्रकाश शर्मा, मुकेश कुमावत ने अधिवेशन में भाग लिया। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने आदरणीय मुख्यमंत्री के समक्ष तृतीय श्रेणी शिक्षक स्थानांतरण करने, सभी संवर्गों की डीपीसी करने व प्रबोधको और सन 2008 में नियुक्त शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, पैराटीचर्स, पंचायत शिक्षकों को स्थाई करने की मांग पुरजोर ढंग से रखी और आदरणीय मुख्यमंत्री महोदय ने जल्दी ही सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आदरणीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए सभी शिक्षकों से आवाहन किया की पांच पौधे अवश्य लगाए जिसमें एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाए और पेड़ बनने तक उनका संरक्षण करें। माननीय शिक्षा मंत्री महोदय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की तथा नवीन सत्र में नामांकन को बढ़ाते हुए राजकीय विद्यालयों में शैक्षिणक स्तर सुधारने पर जोर दिया। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अधिवेशन को क्षेत्रीय प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निंबाराम जी भाई साहब, प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम जी भाई साहब का पाथ्येय प्राप्त हुआ।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि

**ब्यावर, (निसं)।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को राष्ट्रवादी, चिंतक, महान शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। महाराणा प्रताप मंडल के संत रविदास शक्तिकेंद्र के राधव श्री मेरिज गार्डन में हुए कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी।मुख्य अतिथि अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर इतिहास रच दिया है। जिस कश्मीर के लिए डॉ. मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया, वहां से धारा 370 एवं 53ए हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य कर दिखाया है। प्रधानमंत्री की बदौलत



कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

आज देश में एक विधान एक निशान एवं एक प्रधान की परिकल्पना का सपना साकार हुआ है।

आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए देवीशंकर भूतड़ा ने पौधारोपण करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सन्तोष जाठात ने किया। कार्यक्रम मे अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, शिव प्रकाश सांमरिया, कार्यक्रम संयोजक युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक चौहान, मंडल महामंत्री सत्येंद्र यादव, हिमांशु शर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष तारा सोनी, पुष्पा आसनानी, अजीत सिंह चंदारूण, पार्षद मुन्नी देवी

- **एक निशान एक प्रधान की परिकल्पना का सपना हुआ साकार : देवीशंकर भूतडा**

गहलोत, हरीश सांखला, मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, नटवर अरोड़ा, रामेश्वर गहलोत, मूलसिंह राजपुरोहित, देवकीनंदन शर्मा, डीके जैन, शोभाग मल खोरवाल, शंकर जाठात, मनीष बंसल, राजेश्वरी यादव, गायत्री साहू, पार्षद प्रीति शर्मा, ललित जालान, मंजू जांगिड़, शिखा गुप्ता, देवकिशन भाटी, जय जाठात, नरेश माली, महेंद्र पाल यादव, श्री कृष्ण जांगिड़, कुंज बिहारी तोलंबिया, मनीष बंट, ललिता आसरवा, विपिन गुजराती, प्रदीप कड़ीवाल, बछराज छिपा, सज्जन सिंह, रमेश अग्रवाल, राजेंद्र बागड़ी, अंकुर मित्तल, हेमसिंह रावत, गौरीशंकर भाटी, सुरेश व्यास आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्किट हाउस में उत्तर ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की ली बैठक

### संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**अजमेर, (कासं)।** सर्किट हाऊस में रविवार को पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने अजमेर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस और मंडल अध्यक्षों की बैठक ली और कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की बात कही। साथ ही जनहित से जुड़े मुद्दों और केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया।

सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में पूर्व आरटीडीसी धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि हाल ही हुए लोक सभा चुनाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के के निर्देशन में देशभर सहित राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। राजस्थान में भी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की और 11 सीटे जीती है। अब हमे जनहित के मुद्दे उठाते हुए



सर्किट हाउस में बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन राठौड़।

आगामी होने वाले नगर निगम, जिला परिषद और पंचायत राज के चुनाव में कड़ी मेहनत कर इस जीत को बरकरार रखना है। उन्होंने कहा कि एकजुटता के साथ हम सभी को आगे बढना है और केंद्र की एनडीए और राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर करना है और सडकों पर उतरकर जनता की आवाज उठाना है।

इस दौरान राजस्थान लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की हुई शानदार जीत पर पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ और पूर्व केशकला बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र गहलोत सहित सभी उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आदि नेताओं को जीत की शुभकामनाएं दी और उनका आभार जताया।

बैठक में पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, पूर्व केश कला बोर्ड अध्यक्ष महेंद्र गहलोत, पूर्व विधायक डॉक्टर गोपाल बाहेती, ब्लॉक अध्यक्ष शेलेंद्र अग्रवाल, वाहिद मोहम्मद, मंडल अध्यक्ष कमल बैरवा, भंवर सिंह राठौड़, गणेश चौहान, चितलेश बंसल, राजा जैन, पार्षद नोरत गुर्जर, पार्षद हमीद चीता, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, ब्लॉक उपाध्यक्ष आरिफ खान, सुमित मित्तल, निमेश चौहान, अशोक दौराया, जितेंद्र चौधरी, लक्ष्मण भाया, रईस सुलेमानी, सुआलाल बैरवा आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्रवासी पेयजल संकट से जूझ रहे

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीषण गर्मी के बीच जलदाय विभाग और सीवरेज की लापरवाहियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण शहर की अमृत विहार कॉलोनी में क्षेत्रवासी पेयजल संकट से जूझ रहे है।

क्षेत्रवासियों ने कुम्भकरणी नींद सोए प्रशासन को जगाने के लिए मटकी फोड़ प्रदर्शन किया, और जमकर नारेबाजी भी की। महिलाओ का कहना था की क्षेत्र में सीवरेज की खुदाई का कार्य चला तब से पेयजल की समस्या आम हो गई। सीवरेज की खुदाई में कई जगह पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइनों को क्षितग्रस्त कर दिया गया, जिसके कारण करीब डेढ़ माह से क्षेत्र में पेयजल संकट आ खड़ा हुआ।

क्षेत्रवासियों ने विधायक अशोक कोठारी, स्थानीय पार्षद और विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अपनी समस्या से अवगत करवाया लेकिन किसी ने इन लोगो की प्यास बुझाने के कोशिश नही की। दर दर दफ्तर से दफ्तर भटकने के बाद भी जब न्याय नही मिला तो महिलाओ ने मटकी फोड़ प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी की जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र में फैला कीचड़ कलेक्ट्री गेट पर ले जाकर उठा प्रदर्शन किया जाएगा।

# दिगंबर जैन समाज के लिए सरकारी प्रमाण पत्र बनाने के लिए वृहद शिविर



स्वाध्याय भवन नागोरी गार्डन में विशाल शिविर आयोजित किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** वीर सेवा संघ भीलवाड़ा द्वारा सकल दिगंबर जैन समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अल्प संख्यक प्रमाण पत्र,जन आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड,लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मूल निवास, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक ही छत के नीचे स्वाध्याय भवन नागोरी गार्डन में एक विशाल शिविर आयोजित किया।

शिविर में संस्था द्वारा मौके पर ही तीन पटवारी, नोटरी पब्लिक, चार गजेटेड ऑफिसर, तीन अल्प संख्यक विभाग के कर्मचारी, दो ई मित्र संचालक, दो लर्निंग लाइसेंस हेतु कर्मचारी एवम पासपोर्ट के लिए जरूरी दस्तावेज पूर्ण करने का कार्य किया गया। शिविर मे लगभग 400 व्यक्तियों ने विभिन्न विभागों में अपने प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन किया। प्रातः 9 बजे शिविर का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ वीर सेवा संघ अध्यक्ष सुभाष हूमड़,श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट शास्त्रीनगर के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर आर के कॉलोनी अध्यक्ष नरेश गोधा, एन सी जैन,महिला विंग सचिव भारती सोनी ने किया। शिविर में प्रातः 9 बजे से सांयकाल 5 बजे तक विभिन्न सेवाओं के आवेदन पूर्ण किए गए।

वीर सेवा संघ के अध्यक्ष सुभाष हूमड़ सहित कार्यकारिणी के प्रवीण चौधरी,नरेश गोधा,सुरेश कोठारी, अशोक कांटीवाल,भागचंद शाह,सुशील शाह,सुनील पाटनी, दिलीप अजमेरा, सनत अजमेरा ,अजय बाकलीवाल,दिनेश बज सहित महिला विंग की सदस्याएं मीना जैन,दीपिका बड़जातिया, उषा गोधा ,पायल गोधा,विद्या लुहाड़िया, नेहल काला,सपना सेठी ने पूर्ण सहयोग कर अपनी सेवाए प्रदान की। दिगंबर जैन समाज द्वारा जिला प्रशासन के महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार प्रदर्शित किया गया।

